प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि 13 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में होने वाले दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव में एक हजार दो सौ दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। 88 सीटों के लिए कुल दो हजार छह सौ 33 नामांकन भरे गये जिनमें से जांच के बाद एक हजार चार सौ 28 नामांकन वैध पाये गये। कल नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था। दूसरे चरण के लिए मतदान 26 अप्रैल को होगा।

****

सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आज कोलकाता कैश कांड में आरोपित झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 18 अप्रैल निर्धारित की है। कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा ने तीन फरवरी को कोलकाता कारोबारी अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए आरोपित को समन जारी किया है। इसके बाद राजीव कुमार ने चार अप्रैल को राहत के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। इस मामले में अमित अग्रवाल जेल में है।

****

चांडिल अनुमंडल के कपाली थाना क्षेत्र में डोबो गौरी घाट से लगातार हो रहे अवैध बालू खनन मामले पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है और इसकी जांच के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के आदेश के बाद एनजीटी की तीन सदस्यीय टीम ने कपाली गौरी घाट पर छापेमारी कर भारी मात्रा में बालू जब्त किया। इसमें मुख्य रूप से पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारी, जिला कार्यपालक दंडाधिकारी समेत सरायकेला एडीएम शामिल थे।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में एक युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव खेत में पाया गया। थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि पुलिस प्रेम प्रसंग समेत अन्य सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

****

पाकुड सदर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 36 पंचायतो के पंचायत सहायकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान 80 प्रतिशत से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने और सभी बूथों पर आधारभूत सुविधाएं बहाल करने को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। इधर स्वीप कार्यक्रम के तहत हिरनपुर प्रखण्ड में स्कूली बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली।

****

पाकुड में पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग में मौजूद थानेदारों, पुलिस निरीक्षकों सहित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को ईद एवं रामनवमी के मौके पर विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

****

बोकारो जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।

****

चैत्र नवरात्र की शुरुआत आज से हो गई है। इस त्यौहार को लेकर रामगढ़ के रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भी विशेष पूजन का आयोजन किया गया। मां छिन्नमस्तिका मंदिर में प्रथम दिन पुजारियों के द्वारा मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की आराधना की गई। इस दिन मां छिन्नमस्तिका के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

****

रांची के श्री महावीर मंडल थड़पखना की ओर से 13 अप्रैल रात 10.30 बजे से भव्य अस्त्र शास्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष रवींद्र वर्मा ने आज बताया कि यह आयोजन यूनियन क्लब रांची के सामने होगा, जिसमें कई लोग अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

****

राज्य में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला है। कई जिलों में हुई बारिश की वजह से तापमान में गिरावट आयी है। रांची में दिन का तापमान 11 डिग्री तक नीचे आया है। मौसम विभाग ने बताया है कि 11 अप्रैल तक ऐसी स्थिति बने रहने की उम्मीद है।

****